# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **15-06-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1- अवैध चरस के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना कटघर।**

अवगत करना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने, अवैध मादक पदार्थो के निर्माण/तस्करी व अपराधो में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 15-06-2025 को थाना कटघर पुलिस द्वारा अभियुक्त आसिफ पुत्र शाहिद निवासी ग्राम सिरसा इनायतपुर उर्फ दौडबाग थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को 150 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना कटघर पर अभियुक्त आसिफ उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0-359/2025 धारा-8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।




**पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0- 359/2025 धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

आसिफ पुत्र शाहिद निवासी ग्राम सिरसा इनायतपुर उर्फ दौडबाग थाना कटघर जनपद मुरादाबाद

**बरामदगीः-**

150 ग्राम अवैध चरस

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1-उ0नि0 दीपक पंवार थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
2-का0 अनुज कुमार थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
3-का0 रीतिक कुमार थाना कटघर जनपद मुरादाबाद

**2- थाना पाकबडा पुलिस द्वारा छिनैती की घटना का सफल अनावरण करते हुए 01 अभियुक्त को गिरफ्तार एवं 01 बाल अपचारी को हिरासत में लेकर, निशादेही पर घटना में प्रयुक्त मो0सा0 एवं सोने के कुण्डल बरामद किये गये।**

अवगत कराना है कि दिनांक 03-05-2025 को वादी धर्मेन्द्र सिहँ पुत्र स्व0 रामपाल सिहँ निवासी ग्राम मवई ठाकुरान थाना असमौली जनपद सम्भल ने थाना पाकबड़ा क्षेत्रान्तर्गत सत्या पब्लिक स्कूल के सामने CNG पैट्रोल पम्प लोधीपुर राजपूत के पास मोटर साइकिल सवार 02 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा वादी की मो0सा0 रोककर मो0सा0 पर पीछे बैठी वादी की पत्नी के कुण्डल छीन ले जाने के संबंध में थाना पाकबड़ा पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना पाकबड़ा पर मु0अ0सं0-111/2025 धारा-126(2)/304(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही व साक्ष्य संकलन के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त 1-सुहैल पुत्र अखलाक निवासी मौ0 बुध बाजार कस्बा व थाना पाकबड़ा,जनपद मुरादाबाद 2-(एक बाल अपचारी) के नाम प्रकाश में आये। उक्त क्रम में आज दिनांक 15.06.2025 को थाना पाकबड़ा पुलिस द्वारा प्रकाश में आये अभियुक्त 1-सुहैल पुत्र अखलाक को गिरफ्तार एंव 2-एक बाल अपचारी को हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्त व बाल अपचारी की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त मो0सा0 एवं छीनैती किये गये सोने के कुण्डल बरामद किये गये। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उक्त में धारा-317/(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।




**पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0- 111/2025 धारा-126(2)/304(2)/ 317/(2) बीएनएस

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1- सुहैल पुत्र अखलाक निवासी मौ0 बुध बाजार कस्बा व थाना पाकबड़ा,जनपद मुरादाबाद
2- (एक बाल अपचारी)

**बरामदगीः-**

1- एक सोने का कुण्डल
2- घटना में प्रयुक्त मो0सा0 साईकिल हीरो स्प्लेण्डर

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1- प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार थाना पाकबड़ा जनपद मुरादाबाद
2- उ0नि0 इजहार अली खां थाना पाकबड़ा जनपद मुरादाबाद
3- हे0कां0 सतेन्द्र कुमार थाना पाकबड़ा जनपद मुरादाबाद
4- कां0 प्रभात पुण्डीर थाना पाकबड़ा जनपद मुरादाबाद
5- कां0 विक्रान्त थाना पाकबड़ा जनपद मुरादाबाद

**3- आत्महत्या के लिये उकसाने का आरोपी गिरफ्तार थाना बिलारीः-**

अवगत कराना है कि दिनांक 05-10-2024 को वादी हरकिशोर पुत्र श्री गोपी निवासी ग्राम औरछी तहसील बिसौली जनपद बदायूँ ने आरोपी द्वारा वादी की पुत्री को परेशान करने जिससे वादी की पुत्री द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर लेने के संबंध में थाना बिलारी पर तहरीर दी, तहरीर के आधार थाना बिलारी पर मु0अ0सं0- 633/2024 धारा- 108 बीएनएस बनांम सत्यपाल पुत्र रूपचन्द निवासी ग्राम अहलादपुर खेम उर्फ रायपुर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद के पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 15.06.2025 को थाना बिलारी पुलिस द्वारा अभियुक्त सत्यपाल पुत्र रूपचन्द उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।



**पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0- 633/2024 धारा- 108 बीएनएस

**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

सत्यपाल पुत्र रूपचन्द निवासी ग्राम अहलादपुर खेम उर्फ रायपुर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद

**4- थाना डिलारी पुलिस द्वारा 01 वारण्टीं को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अपराधों में संलिप्त वांछित/वारण्टीं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 15.06.2025 को थाना डिलारी पुलिस द्वारा वारण्टीं अभियुक्त मो0 समीर उर्फ सनीफ पुत्र हनीफ नि0 तुमडिया कला थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद सम्बंधित वाद सं0 843/21अ0सं0 159/20 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट को गिरफ्तार कर संबंधित मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



**गिरफ्तार वारण्टीः-**

मो0 समीर उर्फ सनीफ पुत्र हनीफ नि0 तुमडिया कला थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

1- उ0नि0 रविन्द्र कुमार,2- हे0कां0 जय सिंह
3- कां0 देशराज, 4- कां0 उत्तम बालियान,
5- कां0 विशाल चौधरी थाना डिलारी मुरादाबाद।

**5- जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने में 20 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय **पुलिस द्वारा 20 व्यक्तियों** को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**थाना कटघर-05, थाना मझोला-01, थाना पाकबड़ा-01, थाना मूंढापाण्डे-02, थाना कांठ-03, थाना छजलैट-01, थाना भगतपुर-01, थाना डिलारी-02, थाना बिलारी-03, थाना कुन्दरकी-01,**